# CLASS - IV

## पाठ - जैसा सवाल वैसा जवाब
### (पहला - भाग)

1. बादशाह अकबर अपने मंत्री बीरबल को क्यों ज़्यादा पसंद करते थे ?

उत्तर- बीरबल की तेज बुद्धि एवं हाज़िरजवाबी के कारण बादशाह अकबर मंत्री बीरबल को ज़्यादा पसंद करते थे।

2. मंत्री बीरबल से कौन जलता था ?

उत्तर- मंत्री बीरबल से बादशाह अकबर के एक खास दरबारी ख्वाजा सरा जलता था।

3. ख्वाजा सरा को अपने किस पर बहुत अभिमान था ?

उत्तर- ख्वाजा सरा को अपनी विद्या और बुद्धि पर बहुत अभिमान था।

4. ख्वाजा सरा क्या इच्छा रखते थे ?

उत्तर ख्वाजा सरा यह इच्छा रखते थे कि बीरबल को हिंदुस्तान से निकलवा दे।

5. ख्वाजा सरा ने बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए क्या किया ?

उत्तर- ख्वाजा सरा ने बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए सोच-विचार कर तीन मुश्किल प्रश्न तैयार किए जिसका सही उत्तर वे बीरबल से चाहते थे।